>

Title: Regarding the issue of hea;t cards and inclusion of poor families in Deen Dayal Antodaya Upchar Yojana in Madhya Pradesh.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं । पूर्व में मध्य प्रदेश सरकार ने पंडित दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना लागू की थी, जिसमें निचले तबके के गरीब लोगों के लिए नि:शुल्क इलाज और जांच के माध्यम से हजारों-लाखों लोगों का इलाज होता था । परन्तु वर्तमान सरकार की योजना के अनुरूप कार्डधारक थे, लेकिन अब नए कार्ड बनाने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है । जिससे गरीब लोगों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों में काफी आक्रोश है । मैं आपके माध्यम से सरकार से आह्वान करता हूं कि गरीबों की इस योजना को तुरंत चालू करे और नए कार्ड का वितरण शुरू करें ।